**विरोध** | कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला

# औकात वाले बयान से भड़की कांग्रेस



**नवभारत, कटनी।** प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारार नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को कचहरी चौराहे में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका। कांग्रेस द्वारा यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर किया गया। विरोध प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कांग्रेस नेताओं ने पुतला दहन कर भाजपा सरकार नारेबाजी की और लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मर्यादाओं के सम्मान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की असंसदीय एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग निंदनीय है। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि बार-बार इस तरह की भाषा का उपयोग लोकतांत्रिक परंपराओं को आहत करता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार से मांग की कि संबंधित मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाया जाए और उनका इस्तीफ़ा लिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष करन सिंह चौहान, राकेश जैन, राजा जगवानी, आफताब चोखे भाईजान, प्रशांत जायसवाल, जालेम यादव, इस्तियाक अहमद, मंजू निषाद, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, मनोज गुप्ता, श्याम पाहुजा, राकेश द्विवेदी, नारायण निषाद, दिग्विजय सिंह, मंगल सिंह, संजय गुप्ता, हाजी गुलाम जाफर, राजेश चावरे, अजय कोल, श्याम यादव, मुन्ना कुशवाहा, कल्लू दास बैरागी अदिता वर्मा, रूपा तिवारी, शोभा मंगलानी, शशि शेखर भारद्वाज, रमेश मिश्रा, प्रशांत पांडे, सुशील जायसवाल, जार्ज डेविड, सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।



## सरकारी पोर्टल पर पंजीयन कराने में हो रही परेशानी

**कोटवार संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद तहसील के कोटवारों ने शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फसल पंजीयन में आ रही समस्या की शिकायतों के निराकरण कराए जाने की मांग की। कोटवारों का कहना है कि वे सरकारी सेवा भूमि पर खेती करते हैं, लेकिन हर सीजन में उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए सरकारी पोर्टल पर पंजीयन कराने में काफी परेशानी होती है। कोटवारों ने बताया कि पोर्टल पर उनकी श्रेणी के लिए समय पर विकल्प नहीं दिया जाता। इसकी वजह से वे चाहकर भी समय पर अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाते। उन्हें डर रहता है कि अगर पंजीयन नहीं हुआ, तो उनकी मेहनत की उपज बिकने से रह जाएगी। दूसरी बड़ी समस्या यह है कि प्रशासन पोर्टल को सिर्फ आखिरी एक या दो दिनों के लिए खोलता है। इतने कम समय में सभी का पंजीयन मुमकिन नहीं हो पाता। इसके अलावा, जहां आम किसानों का पंजीयन स्थानीय केंद्रों पर हो जाता है, वहीं कोटवारों को इसके लिए जिला मुख्यालय बुलाया जाता है, जिससे उनका समय और काम दोनों बर्बाद होते हैं। कोटवारों ने मांग की है कि उन्हें भी सामान्य किसानों की तरह उनके पास के उपार्जन केंद्रों पर ही पंजीयन की सुविधा दी जाए।

### एक नजर में

## समाधान अभियान के तहत लगेंगे शिविर

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 21 फरवरी को संकल्प से समाधान अभियान के तहत विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बडवारा में संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम नन्हवारासेझा, बछरवारा, बडेरा, बड़वाराकला, बड़ागांव, बरगवां, भगनवारा, भदावर, रूपौंध, लखाखेरा और सलैया ठुठिया ग्राम के लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। इसी प्रकार सोमवार 23 फरवरी को जिला कटनी एम कार्पोरेशन संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 10 जयप्रकाश वार्ड, वार्ड नं 11 जगमोहन दास वार्ड, वार्ड नं 12 वीर सावरकर वार्ड, वार्ड नं 6 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 7 गणेश प्रसाद मसूरहा वार्ड, वार्ड नं 8 जालपा देवी वार्ड, वार्ड नं 9 महात्मा गांधी वार्ड के लोगों के लिए शिविर आयोजन किया गया है। इसके अलावा सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड विजयराघवगढ़ संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 7 महात्मा गांधी वार्ड, वार्ड नं 8 डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं 9 भगत सिंह वार्ड के लागों के लिए शिविर आयोजन किया गया है। इसी दिन सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड कैमोर संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 7 बारापर वार्ड के लागों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड बरही संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में वार्ड नं 6 जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 7 शहीद भगत सिंह वार्ड के लागों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन सोमवार 23 फरवरी को विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बड़वारा में संकल्प से समाधान के आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम कुआॅ, करेला, खितौली, जगुवा, बम्हौरी, बरन, महगवॉ, बरमानी, सुतरी, सलैया, सिहोरा, हदरहटा, हर्रवाह ग्रामों के लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

## मशीन शिफ्टिंग के दौरान हादसा, श्रमिक की मौत

**सीमेंट ईंट कंपनी में हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच**




**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाने की झिंझरी पुलिस चौकी क्षेत्र के गुलवारा गांव के पास स्थित मित्तल सीमेंट ईंट कंपनी में शुक्रवार दोपहर हुए हादसे में एक 24 वर्षीय सतीश कुशवाहा नामक श्रमिक युवक की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब सतीश कुशवाहा फेलाई ऐश मशीन को शिफ्ट कर रहा था। अचानक मशीन असंतुलित हो गई और उसका एक बड़ा हिस्सा टूटकर सतीश के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य श्रमिकों ने तत्काल घायल सतीश को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक सतीश कुशवाहा स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चरगवां का रहने वाला था। वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी गुलवारा स्थित मित्तल कंपनी में अपनी ड्यूटी पर गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस कहना है कि जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## मार्च महीने तक हर हाल में पूरा करें जल योजनाओं का कार्य

**वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में मुख्य सचिव ने की समीक्षा**




**नवभारत, कटनी।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विभिन्न एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में रोजगार, उद्योग और निवेश, लोक सेवा प्रबंधन, सुशासन, कानून-व्यवस्था, ग्रामीण विकास, शिक्षा सहित अन्य विभागों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त तपस्या परिहार, डीएफओ गर्वित गंगवार और अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा वर्चुअली जुड़े। मुख्य सचिव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हर घर नल से जल योजनाओं के शेष कार्य को मार्च माह में अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण विकास की समीक्षा में आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदियों को ऋण स्वीकृति और रोजगार गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान 1 अप्रैल से नए शिक्षा सत्र की तैयारियां पूरा करने, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों की समय पर उपलब्धता कराने, छात्रावास अप्रैल में प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। 3 से 6 वर्ष आयु के सभी बच्चों का आंगनवाड़ी में प्रवेश सुनिश्चित करने, 6 वर्ष तक के बच्चों के मानसिक विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला-बाल विकास विभाग को समन्वित प्रयास करने को कहा गया। सभी स्कूलों में बालिका शौचालय की उपलब्धता तय करने के निर्देश भी दिए गए। उद्योग प्रोत्साहन के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एमएसएमई सेक्टर विकसित करने, एक जिला-एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित फसल को जीआई टैग दिलाने, उसकी मार्केटिंग-ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप लगाने हेतु प्रोत्साहित करने, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

कानून-व्यवस्था की समीक्षा में संवेदनशील बस्तियों में सुरक्षा बलों और फायर ब्रिगेड की सुगम आवाजाही के लिए अतिक्रमण हटाने को कहा गया।

## नदी किनारे मिला युवक का शव, पुलिस की जांच शुरू

**नवभारत, बाकल।** बाकल थाना क्षेत्र में में नदी किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान खमतरा गांव निवासी मदन लोधी (20) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक के गले में कपड़ा नुमा रस्सी बंधी मिली है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा और आशंका का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आमजन से कहा है कि घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो तत्काल बाकल थाने से से संपर्क करें। युवक की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है शिक्षक, उनकी अनदेखी से प्रभावित होगी अध्यापन की गुणवत्ता

**मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने जारी किया मांग पत्र**

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा शिक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। संघ ने अपने पत्र के माध्यम से डिजी गो पोर्टल पर स्कूल ग्रांट की शेष 50 प्रतिशत राशि जल्द जारी करने, ई-अटेंडेंस प्रणाली में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी विद्यालयों को स्वीकृत स्कूल ग्रांट की केवल 50 प्रतिशत राशि ही प्राप्त हुई है, जबकि शेष राशि अब तक लंबित है। इसके कारण विद्यालयों में आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की पूर्ति, मरम्मत कार्य और अन्य आधारभूत व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं, लिहाजा विद्यार्थियों के हित में शेष 50 प्रतिशत राशि जल्द जारी किए जाने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, ई-अटेंडेंस प्रणाली में आ रही तकनीकी कठिनाइयों के चलते शिक्षकों को अनावश्यक प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से परीक्षा और मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने में समस्याएं सामने आ रही हैं। संघ ने मांग की है कि ऐसे शिक्षकों की उपस्थिति को ऑन ड्यूटी मानते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे विभागीय प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और प्रभावी बन सकें। संघ ने पत्र में दोहराया है कि शिक्षकों के हितों की रक्षा, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना संगठन की प्राथमिकता है। अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि पत्र में उल्लेखित बिंदुओं पर विचार करते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं, लिहाजा उनके हितों की अनदेखी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौड़, महामंत्री राकेश गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी द्वारा संयुक्त रूप से पत्र जारी कर उक्त मांगें शासन के समक्ष रखी गई हैं। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने आशा व्यक्त की है कि शासन स्तर पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेते हुए शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## टेंट की सामग्री चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, सामग्री बरामद**



**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में टेंट की सामग्री चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम द्वारा उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। पुलिस ने बताया कि 19 फरवरी 26 को ढीमरखेड़ा निवासी अनिल पिता लक्ष्मी पटैल ने शिकायत दर्ज कराई की 13 फरवरी 2026 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरो द्वारा सूरदास आश्रम ग्राम पोडीकला में लगे उसके टैन्ट से मशीने चोरी कर ली हैं। जिसकी कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रूपए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने शुक्रवार 20 फरवरी को संदेह के आधार पर महनेर गांव निवासी मनीष पिता मुकेश कुर्मी (25) महनेर पहाडी में बने खंडहर मकान से हिरासत में लिया। पूछता के दौरान संदेही ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाईल, माईक स्टेंड और एम्पलीफायर बरामद किया है। पुलिस ने इसी मामले में उमरियापान थाना क्षेत्र निवासी दूसरे आरोपी परदेशी पिता कमलेश कोल (22) को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने हैडआपटर मशीन बॉस कंपनी, डीडी 3 डिजटल मशीन, दो केबल हरेलाल रंग, एक मिक्सर मशीन स्टूडियो मास्ट, एक अन्य मिक्स मशीन 182, स्टूडियो मास्टर एक मास प्लेट मशीन, एक ऑडियो मेकर मशीन बरामद की है। बरामद की गई चोरी की सामग्री साढ़े तीन लाख रूपए की है। इस मामले में एक आरोपी गोलू कुर्मी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एसआई सुरेश चौधरी, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, आरक्षक पंकज सिंह, अजय धुर्वे, देवेन्द्र अहिरवार, कमोद कोल की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में की गई है।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 5136/लो.नि.वि/निर्माण/2026 कटनी, दिनांक :- 04/02/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रुपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_481860_1 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 34 में छपरवाह स्कूल के पास शासकीय रिक्त भूमि में एवं संतकवरराम वार्ड क्रमांक 42 में पुरानी आंगनबाड़ी परिसर में शासकीय रिक्त भूमि में आगंनबाड़ी भवन निर्माण कार्य। | 150 days/- 26,53,242/- | 5000/- 19,898/- | 12/03/2026 |
| 2. | 2026_UAD_481860_2 | कावजी वार्ड में रामबहादुर शर्मा, वंदना जाटव के घर के पास एवं अन्य स्थानों पर आर.सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। | 60 days/- 8,47,308/- | 2000/- 8473/- | 12/03/2026 |

नोट :- निविदा स संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
(वास्ते आयुक्त)
नगरपालिक निगम, कटनी


**निरीक्षण** | बेहतर होगी आवागमन की सुविधा, 41 लाख की लागत से कराया जा रहा सड़क का डामरीकरण

# विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : महापौर



**नवभारत, कटनी।** शहर में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ता और अन्य एमआईसी सदस्यों के साथ विवेकानंद वार्ड अंतर्गत लगभग 41 लाख रुपए की लागत से किए जा रहे डामरीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। महापौर ने विक्रम स्कूल गली, साउथ स्टेशन रोड, त्रिलोकीनाथ मंदिर के आसपास विभिन्न स्थानों पर बन रही सड़कों का का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डामर की मोटाई, सड़क की चौड़ाई, समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था और किनारों की मजबूती की अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित मानकों, स्वीकृत एस्टीमेट और तकनीकी प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर के नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। अच्छी सड़कों से न सिर्फ आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलती है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने महापौर से भेंट कर चल रहे निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। रहवासियों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती थी। अब डामरीकरण कार्य से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए नगर निगम एवं महापौर का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य होते रहेंगे। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, उमेंद्र अहिरवार, बीना बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, संजय तिवारी सहित अन्य की उपस्थिति रही।





